

जुलाई 2023, अंक-3

# जल जीवन मिशन

## मध्यप्रदेश

# संवाद




## संवाद के मुख्य विवरण

- मिशन की उपलब्धियाँ
- स्वीकृत योजनाओं की स्थिति
- प्रदेश में मिशन की प्रगति
- शीर्ष 05 डिवीजन में मिशन की प्रगति
- सफलता की कहानी
- मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ एवं सोशल मीडिया

**प्रदेश में जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य प्रगतिरत है। इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु मिशन के कार्यों को राज्य शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आज की स्थिति में विशेष उपलब्धियॉ अर्जित की गई हैं, 31 जुलाई 2023 की स्थिति में प्रदेश के 61.43 लाख (51.35%) ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है, और यह गौरव की बात है कि प्रदेश के द्वारा 50% से अधिक की उपलब्धि अर्जित की जा चुकी है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अभी तक 148 समूह ग्राम योजनायें एवं 26,261 एकल ग्राम नलजल योजनायें स्वीकृत की जा चुकी हैं, इस प्रकार पूरे प्रदेश के सभी 51,416 ग्रामों के लिए नलजल योजनाओं के नियोजन का कार्य पूरा किया जा चुका हैं। प्रदेश के सभी जिलों में योजना का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है, सतत् मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण कर कार्यों में प्रगति लाने के बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति समयावधि में प्राप्त कर सकें।**

संजय कुमार शुक्ल
प्रमुख सचिव
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्यप्रदेश शासन

## मिशन की उपलब्धियाँ

**जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के जिलों में कार्यरत क्रियान्वयन सहयोग एजेंसियों (ISA's) के प्रतिभागियों का वाल्मी भोपाल में आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से उन्मुखीकरण तथा क्षमता वर्धन कर उन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया गया।**






**जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के जिलों में केआरसी (KRC's) के द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यों, महिला समूहों के सदस्यों एवं मिशन के संचालन एवं संधारण से जुड़े हितधारकों का रिफ्रेशर प्रशिक्षण के माध्यम से उन्मुखीकरण कर क्षमता वर्धन किया गया।**











# स्वीकृत योजनाओं की स्थिति




## एकल एवं समूह ग्राम योजनाओं का विवरण

| विवरण | ग्राम |
|---|---|
| कुल नियोजित ग्राम | 51,416 |
| एकल ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 26,261 |
| समूह ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 35,996 |

## मिशन की भौतिक प्रगति

| कुल लक्षित परिवार (एफएचटीसी) | 119.88 लाख |
|---|---|
| 15 अगस्त 2019 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 13.53 लाख (11.30%) |
| 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 49.20 लाख (41.04%) |
| 31 जुलाई 2023 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 61.43 लाख (51.35%) |

## जल जीवन मिशन की प्रगति

### 1. एकल नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति:-

| विवरण | योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| पूर्ण | 7506 |
| प्रगतिरत | 16913 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 1513 |
| निविदा हेतु शेष | 329 |
| **योग** | **26,261** |



जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित स्वच्छ जल संधारण टंकी एवं सम्प वेल पंप हाउस

### 2. समूह नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति:-

| योजनाओं का विवरण | योजनाओं की संख्या | ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|
| पूर्ण | 28 | 1151 |
| प्रगतिरत | 87 | 24634 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 33 | 10,111 |
| **कुल** | **148** | **35996** |


जल शोधन सयंत्र, मझोली समूह जल प्रदाय योजना

### 3.शालाओं एवं आंगनवाड़ियों की प्रगति:-

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| प्रदेश में कुल शालाओं की संख्या | 93,419 |
| पूर्ण शालाओं (एफएचटीसी) की संख्या | 74011 (79.22%) |
| प्रदेश में कुल आंगनवाडियों की संख्या | 66,896 |
| आंगनवाडियों (एफएचटीसी) की संख्या | 42908 (64.14) |



स्वच्छ जल से देश का स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य

हर घर जल
जल जीवन मिशन

## शीर्ष 05 डिवीजन में क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन/ग्राम कार्य योजना/ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति/फील्ड टेस्ट किट /हर घर जल ग्राम प्रमाणन की स्थिति 31 जुलाई 2023 की स्थिति में

### 1.क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | कुल आवासों की संख्या | माह जून में कुल आवास जिनमें घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए है | माह जुलाई में कुल आवास जिनमें घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए है | प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|
| धार | 1473 | 395246 | 263391 | 271172 | 7781 |
| बालाघाट | 1244 | 372888 | 258128 | 258290 | 162 |
| खरगोन | 1140 | 355931 | 237190 | 240357 | 3167 |
| छिंदवाडा | 1889 | 347128 | 204068 | 205534 | 1466 |
| इंदौर | 607 | 193463 | 189799 | 190176 | 377 |
| **कुल** | **6353** | **1664656** | **1152576** | **1165529** | **12953** |

### 2.ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठन की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह जुलाई में कुल गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की संख्या |
|---|---|---|
| धार | 1473 | 1473 |
| राजगढ़ | 1634 | 1364 |
| सिवनी | 1577 | 1319 |
| बालाघाट | 1244 | 1243 |
| गुना | 1255 | 1195 |
| **कुल** | **7183** | **6594** |

### 3. फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह जुलाई तक कुल ग्राम जिनमे 5 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|
| रीवा | 2386 | 1686 |
| विदिशा | 1532 | 1532 |
| रायसेन | 1404 | 1404 |
| धार | 1473 | 1403 |
| राजगढ़ | | 1390 |
| **कुल** | **8133** | **7415** |

### 4. ग्राम कार्य योजना निर्माण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह जुलाई तक कुल तैयार ग्रामवार कार्य योजना |
|---|---|---|
| राजगढ़ | **1634** | **1505** |
| धार | **1473** | **1473** |
| गुना | **1255** | **1180** |
| सतना | **1761** | **1138** |
| सिवनी | **1577** | **1004** |
| कुल | **7700** | **6300** |

### 5."हर घर जल" ग्राम प्रमाणन की स्थिति

| जिला | माह जुलाई (रिपोर्टेड) | माह जुलाई (प्रमाणित) |
|---|---|---|
| बैतूल | 316 | 273 |
| इंदौर | 474 | 270 |
| सीहोर | 355 | 252 |
| खंडवा | 355 | 178 |
| धार | 478 | 163 |
| **कुल** | **1978** | **1136** |

हर घर जल
जल जीवन मिशन

## सफलता की कहानी




# "ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को मिला सम्मान"

यह सफलता की कहानी जिला-रीवा के विकास खण्ड के ग्राम करहिया की है। करहिया रीवा शहर से नजदीक एवं घनी बस्ती वाला ग्राम है, यहॉ के लोगों के द्वारा अधिकांशत: कृषि मजदूरी एवं मजदूरी का कार्य किया जाता है। शहर से लगे होने के कारण ग्राम के अधिकांश पुरूष एवं महिला दोनों ही ग्राम के बाहर मजदूरी का कार्य करने के लिये जाते हैं। शहर के निकट होने के बावजूद ग्राम में पानी की बहुत समस्या थी। महिलाओं का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था करने में ही निकल जाता था। महिलाएं पानी के लिए ग्राम के बाहर नदी या दूसरे पानी के स्त्रोत से पानी लेने के लिए जाती थीं, इसके अलावा पानी भरने का कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं था। आर्थिक स्थिति से कमजोर इस गाँव की महिलाओं ने इसे ही अपना जीवनचक्र समझ लिया था।

जल जीवन मिशन योजना ने करहिया ग्राम की महिलाओं को नई जिंदगी प्रदान की है। करहिया ग्राम की महिलाओं ने ये कभी नहीं सोचा था की वो सुबह पानी भरने के संघर्ष को छोड़कर सिर्फ एक नल चालू कर पानी भर सकेंगी और अपनी मजदूरी या काम पर समय से पहुंचकर अपनी परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुधारने में मदद कर सकेगी। इस ग्राम में एक छोटा सा परिवर्तन और भी हुआ है, ग्राम की सरपंच महिला है और वह ग्राम जल एवं स्वचछता समति की अध्यक्ष भी है, साथ ही समिति की अन्य महिलाएं भी बहुत सक्रिय रूप से ग्राम में योजना का क्रियान्वयन बखूबी ढंग से कर रही हैं, इनका समूह ग्राम के समस्त जल स्त्रोतों से जल लेकर जल के नमूनों का परीक्षण स्वयं करता है। समिति की अन्य सभी महिलाओं में कुशल वाकपटुता एवं नेतृत्व क्षमता है जिसके बल पर ये ग्राम में मिशन का क्रियान्वयन एवं रख-रखाव बहुत ही अच्छे ढंग से कर रही हैं। दिनांक 24 अप्रैल 2023 को रीवा में पंचायतीराज दिवस कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष एवं एक अन्य सदस्य को विभागीय प्रदर्शनी के स्टॉल का नेतृत्व करने का अवसर एवं मान. प्राधानमंत्री जी से संवाद करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। आपसी सामंजस्य एवं नि:स्वार्थ भाव इन महिलाओं को आपस में संगठित होने के लिए प्रेरणा देता है। समूह ने माननीय प्रधानमंत्री जी को जल जीवन मिशन के लिए धन्यवाद दिया।

## सफलता की कहानी

# "समूह ग्राम नल जल योजना से ग्राम बना आदर्श ग्राम"



मध्यप्रदेश जल निगम की दमोह-पटेरा समूह जल प्रदाय योजना जिला-दमोह ब्लॉक- दमोह, हटा, पटेरा, जबेरा एवं तेंदूखेड़ा को मिलाकर कुल 457 ग्रामों के लिये शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य कर रही हैं। नल जल योजना आने के पूर्व ग्राम पड़रिया थोवन (आदर्श ग्राम) ग्राम में ग्रामीण क्षेत्र पथरीला होने के कारण जल की समस्या बनी ही रहती है। ग्राम में हर वर्ष माह मई और जून में उपलब्ध संसाधन कुएं, हैण्डपंप एवं बावड़ियों का पानी पूर्णतः समाप्त हो जाता था। ऐसी स्थिति में लगभग 2 से 5 कि.मी. दूर दराजों से पानी भर के लाना पड़ता था। ग्राम की बुजुर्ग महिलाओं, छोटी-छोटी बच्चियों एवं गर्भवती महिलाओं को इन कठिनाईयों का विशेष सामना करना पड़ रहा था। शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने के स्थिति में जैसा भी पीने का पानी उपलब्ध हो रहा था उससे ही काम चलाना पड़ता था जिससे बीमारियाँ बनी ही रहती थीं।

वर्तमान में ग्राम के सभी घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध हो रहा है। जब से समूह ग्राम योजना से ग्राम को शुद्ध पेयजल प्राप्त होने लगा है तबसे पेयजल की किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। कुछ माह पूर्व पद्मश्री श्री रामसहाय पांडे जी द्वारा ग्राम को हर घर जल घोषित किया गया है। ग्रामवासी शुद्ध पेयजल के उपयोग से जलजनित बीमारियों के प्रकोप से दूर हुए हैं, साथ ही उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में भी सुधार आया है।



" यह पानी समय पर तो मिलता ही है साथ ही इसका पीएच 7.00 है जो स्वास्थ्य के लिए सही माना जाता है।"

**चेतना बाजपेयी**
( आंगनवाड़ी कार्यकर्ता)

"जल जीवन मिशन का हर घर जल उपलब्ध कराने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।"

"ग्राम को हमने ग्राम वासियों की मदद से स्वच्छ एवं स्मार्ट तो बना दिया था किंतु पानी की समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर पाए थे किंतु जल निगम के द्वारा जब से हर घर में कनेक्शन किए तब से ग्राम में इस समस्या का स्थाई समाधान भी हो गया है अब ग्राम स्मार्ट गांव के साथ-साथ हर घर जल घोषित वाला ग्राम भी हो गया है।।"



**अनुज बाजपेयी**

# माह जुलाई में मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ






**पीएचई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री को किया गया जल कलश भेंट**

**पृथ्वी टाइम्स, सिवनी।**

बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सिवनी आगमन एवं रोड शो के दौरान जल जीवन मिशन के माध्यम से विकासखण्ड बरघाट के ग्राम जनमखारी को हर घर जल घोषित किये जाने एवं हर घर में पर्याप्त मात्रा में पेयजल प्रदाय किये जाने से आई खुशहाली को व्यक्त करने के लिये





















हर घर जल
जल जीवन मिशन

# मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ















## सोशल मीडिया













